# U-14-A

## SUMMATIVE ASSESSMENT - I - (2018 - 2019)

### Second Language - HINDI

Part - A & B

Class : VIII (Max. Marks : 80) Time : 2.45 Mts.

सूचना :- 1) प्रश्न - पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।
2) प्रश्न - पत्र लिखने के लिए 2.30 घंटे का समय निर्धारित है।
3) भाग 'A' के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

Marks : 60 **PART - A** Time : 2.00 Hrs.

I. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।

प्रत्येक भाग (1, 2, 3, 4) के लिए पाँच - पाँच अंक निर्धारित हैं।

1. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।

अध्यापक जी ने हमें बताया कि गुलाम वंश के प्रथम सुल्तान कुतुबुद्दीन ऐबक ने इसे बनवाया था। इसकी ऊँचाई 280 फुट के करीब है। इसके ऊपर पहुँचने के लिए 379 सीढ़ियाँ हैं। इसके ऊपर चढ़ने पर चारों ओर का दृश्य बहुत सुंदर दिखाई देता है। वहाँ से हम लाल किला पहुँचे।

प्रश्नः $5 \times 1 = 5$

1. गुलाम वंश के प्रथम सुलतान कौन थे ?
2. कुतुबमीनार की ऊँचाई कितने फुट के करीब है ?
3. कुतुबमीनार से वे लोग कहाँ पहुँचे ?
4. "सुंदर" का विलोम शब्द लिखिए।
5. यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ?

2. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए।

दुनिया का सबसे खूब सूरत जीव है तितली, बाग - बगीचों की तो ये शोभा हैं। तितलियों की अनेक प्रजातियाँ हैं। अब तक इनकी 1500 से अधिक प्रजातियों का पता लगाया जा चुका है, तितलियाँ फूलों का रस पीकर जिंदा रहती है। भारत के झारखंड के जमशेदपर में टाटा स्टील ज़ुवालॉजिकल सोसाइटी के अंतर्गत तितलियों का एक उद्यान है।

प्रश्न : 5 x 1 = 5

1. संसार का खूबसूरत जीव क्या है ? [ ]
A) भौंरा B) तितली C) तोता D) खरगोश

2. अब तक तितलियों की कितनी प्रजातियों का पता लगाया गया है। [ ]
A) 1500 B) 2500 C) 3500 D) 1000

3. तितलियाँ किसका रस पीती हैं ? [ ]
A) फलों का B) फूलों का C) शहद का D) गुड़ का

4. तितलियों का उद्यान कहाँ है ? [ ]
A) कानपुर B) रायपुर C) जमशेदपुर D) नागपुर

5. तितली का बहुवचन क्या है ? [ ]
A) तितलेयाँ B) तितीलीयाँ C) तितलियाँ D) तितलियों

**3. निम्न लिखित कविता पढ़कर प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।**

अगर न होती निर्मल नदियाँ
जग की प्यास बुझाता कौन ?
अगर न होते पर्वत, मीठे
झरने भला बहाता कौन ?

प्रश्नः 5 x 1 = 5

1. नदियाँ कैसी हैं ?
2. जग की प्यास कौन बुझाता हैं ?
3. झरने कहाँ से बहते हैं ?
4. 'जग' का अर्थ क्या है ?
5. यह कवितांश किस पाठ से दिया गया है ?

[ Contd... 3rd

4. निम्न लिखित कवितांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए ।

पेडों की छाया में ही तो
पक्षियों का रैन बसेरा
फूल, फल हवा सुगंध
ये सब देते रहते हैं
स्वच्छ वायु और वर्षा के दाता
पेड़ हमारे भाग्य विधाता
हर एक को पेड़ लगाना
धरती को स्वर्ग बनाना

प्रश्नः 5 x 1 = 5

1. पक्षियों का बसेरा कहाँ है ?
   A) घर की छाया में B) पेडों की छाया में
   C) माता - पिता की छाया में D) धरती की छाया में
2. स्वच्छ वायु किससे मिलती है ।
   A) पेड B) फल C) वर्षा D) हवा
3. हर एक को क्या करना चाहिए ?
   A) घर बनाना B) पानी बहाना
   C) पेड लगाना D) गाना गाना
4. "स्वर्ग" का विलोम शब्द पहचानिए ।
   A) नरक B) कारक C) चरक D) पूरक
5. पेड हमें क्या देते हैं ?
   A) धूल B) स्वच्छ वायु C) बिजली D) बीमारी

II. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए । 6 x 3 = 18

5. गिरिजा कुमार माथुर के बारे में लिखिए ।
6. पर्वत हमारी सहायता कैसे करते हैं ?
7. 15 अगस्त के बारे में आप क्या जानते हैं ?
8. राजेश को एक सोने का सिक्का मिला । उसने उसका क्या किया ?

[ Turn Over

9. बढ़ई लकड़ी से क्या - क्या बनाते हैं ?

10. हमें अपने सपनों को साकार करने के लिए क्या करना चाहिए ?

**III. किसी एक प्रश्न का उत्तर 6 या 8 पंक्तियों में लिखिए ।** 6

11. हम होंगे कामयाब पाठ में कवि का विश्वास किन बातों में है ?

12. "कौन" कविता पाठ में हमें प्रकृति से क्या सीखने को मिलता हैं ?

**IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर 6 या 8 पंक्तियों में लिखिए ।** 6

13. राजेश ईमानदार बालक है ? उसने राजा में कैसे परिवर्तन लाया ?

14. सच में कृत्रिम उपग्रह धरती की आँखें हैं , ये हमारे लिए किस प्रकार उपयोगी हैं ?

**V. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** 5

15. कल रात से आपको बुखार है । दो दिन की छुट्टी माँगते हुए कक्षाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

16. अपने द्वारा की गई शैक्षिक यात्रा का वर्णन करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

**VI. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** 5

17. घरेलू उद्योगों से बेरोजगारी कम होती हैं । घरेलू उद्योगों के बारे में लिखिए ।

18. राष्ट्रीय त्यौहार देश को एकता के सूत्र में बाँधते हैं । किसी अपने मन पसंद राष्ट्रीय त्यौहार के बारे में लिखिए ।

Regd.No. [ ] **U-14-B** Marks: [ ]

# SUMMATIVE ASSESSMENT - I - (2018 - 2019)

## Second Language - HINDI

### PART - B

Class : VIII (Max . Marks : 20) [ Time : 30 Mts.

| शैक्षिक मापदंड | अर्थग्राह्यता – प्रतिक्रिया | अभिव्यक्ति सृजनात्मकता | भाषा की बात | कुल |
|---|---|---|---|---|
| कुल अंक | 20 | 40 | 20 | 80 |
| प्राप्तांक | | | | |
| श्रेणी | | | | |

Name of the student : ........................................................................ Roll No : ..........

सूचनाएँ :- 1) भाग 'B' के प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न पत्र में ही लिखिए ।

2) भाग 'B' के लिए समय आधा $\left(\frac{1}{2}\right)$ घंटा निर्धारित है ।

विशेष सूचनाएँ : 1. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक निर्धारित हैं ।

2. प्रश्नों के उत्तर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए ।

3. काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक नहीं दिये जाएँगे ।

निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए । $20 \times 1 = 20$

1. राजेश जंगल में जा रहा था ।
(रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिएँ ।) [ ]

A) वन B) सागर

C) रेगिस्तान D) नदी

2. किसान फसल उगाते हैं । (रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए ।) [ ]

A) नाश करना B) उठा लेना

C) उखाडना D) पैदा करना

[ Turn Over

3. दादाजी <u>गाँव</u> में रहते थे।
(रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए।) [ ]

A) खबर B) शहर
C) बाहर D) बेहतर

4. चाँद <u>रात</u> में हमें दिशा दिखाता है।
(रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए।) [ ]

A) बारात B) बात C) दिन D) दीन

5. सही-वर्तनी वाला शब्द पहचानिए। [ ]

A) धनयवाद B) घन्यवाद C) धन्यवाद D) धान्यवाद

6. सही वर्तनी वाला शब्द लिखिए। [ ]

A) कुतुबुद्‌दीन B) कुतुबुदीन
C) कुतुबुदुदीन D) कुतूबुददीन

7. निम्न लिखित शब्दों में से बेमेल शब्द को पहचानिए। [ ]

A) समुद्र B) धरती C) रेगिस्तान D) तूफ़ान

8. निम्न लिखित शब्दों में से बेमेल शब्द को पहचानिए। [ ]

A) राजा B) अध्यापक C) सेना D) मंत्री

9. '33' को हिंदी अक्षरों में पहचानिए। [ ]

A) तेईस B) चौंतीस C) तैंतीस D) पैंतीस

10. "चवालिस" इसे अंको में पहचानिए। [ ]

A) 40 B) 43 C) 45 D) 44

[Contd... 3rd

11. राजा रोज सपने देखता था ।
**(रेखांकित शब्द का लिंग बदलने पर सही विकल्प पहचानिए ।)** [ ]

A) रानी रोज सपनी देखता थी ।

B) रानी रोज सपने देखी रही थी ।

C) रानी, रोज सपने देखती थी ।

D) रानी रोजी सपनी देखती थी ।

12. दिवाली पर फुलझडियाँ जलती हैं ।
**(रेखांकित शब्द का वचन बदलने पर सही वाक्य रूप का विकल्प पहचानिए ।)** [ ]

A) दीवाली पर फूलझडि जलता है ।

B) दिवालियों पर फुलझडि जलती है ।

C) दीवाली पर फुलझडी जलते हैं ।

D) दिवाली पर फुलझडी जलती है ।

13. लास्या —— परीक्षाओं में प्रथम पुरस्कार मिला ।
**(रिक्त स्थान में उचित कारक चिह्न पहचानिए ।)** [ ]

A) को B) के C) में D) ने

14. हर वर्ष दशहरा आता है ।
**(रेखांकित शब्द क्या है ?)** [ ]

A) सर्वनाम B) संज्ञा C) विशेषण D) अव्यय

15. हम भारत देश से प्यार करते हैं ।
**(सर्वनाम शब्द पहचानिए ।)** [ ]

A) हम B) भारत देश

C) प्यार D) करते हैं ।

[ Turn Over

16. दिल्ली में पुरानी इमारतें हैं ।
**(वाक्य में विशेषण शब्द पहचानिए ।)** [ ]

A) दिल्ली B) इमारतें C) मे D) पुरानी

17. उपग्रह अंतरिक्ष में धरती की चक्कर काटते हैं ।
**(क्रिया शब्द पहचानिए ।)** [ ]

A) उपग्रह B) अंतरिक्ष
C) धरती D) चक्कर काटते हैं ।

18. सूरज दिन को <u>सोने सा</u> चमकाता हैं । **(रेखांकित शब्द क्या है ?)** [ ]

A) संज्ञा B) क्रिया विशेषण
C) विशेषण D) सर्वनाम

19. सही क्रम वाला वाक्य पहचानिए । [ ]

A) यह राजा शूर सिंह हमारे
B) शूर सिंह यह हैं राजा हमारा
C) शूर सिंह है यह हमारा राजा
D) यह हमारा राजा शूरसिंह है ।

20. शुध्द् रूप वाला वाक्य पहचानिए । [ ]

A) हम कामयाब होंगे ।
B) हम कामयाब होगा ।
C) हम कामयाब होगे ।
D) हम कामयाब हूँगा ।